**Regarding construction of road in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar.-laid**

श्रीमती लवली आनंद **(**शिवहर**) :** मैं शिवहर संसदीय क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों?केंद्रीय विद्यालय शिवहर, जवाहर नवोदय विद्यालय बिसाही और पॉलिटेक्निक कॉलेज विशनपुर?को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण की आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं । इन तीनों संस्थानों में जाने-आने के लिए उचित सड़क मार्ग का अभाव लंबे समय से है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । मैं सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि इन संस्थानों को जोड़ते हुए एक नई सड़क योजना को मंजूरी दी जाए, ताकि इस क्षेत्र को एक शैक्षणिक केंद्र (एजुकेशन हब) के रूप में विकसित किया जा सके ।